भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1320
उत्तर देने की तिथि : 25.11.2019

एनईईटी

1320. श्री राजमोहन उन्नीथनः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ध्यान दिया है कि गरीब लोग नीट (एनईईटी) की निजी कोचिंग जिसकी फीस 5 लाख रुपये तक होती है, का वहन नहीं कर पाते है इसलिए गरीब और ग्रामीण क्षेत्र के लोग
वंचित रह जाते हैं और उन्हें अपवर्जन का सामना करना पड़ता है;
(ख) क्या सरकार का गरीब और ग्रामीण आकांक्षियों को सहायता प्रदान करने के लिए निःशुल्क नीट कोचिंग उपलब्ध् कराने की कोई योजना है; और
(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्‌वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग) : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों के प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए देशभर में एकरूपता स्थापित करने हेतु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), और भारत की स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) द्‌वारा तैयार किए गए पाठ्‌यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के पाठ्‌यक्रमों की समीक्षा करने के पश्चात राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के पाठ्‌यक्रम को तैयार किया गया है। नीट उच्चतर माध्ययमिक स्तर पर संबंधित विषय में अभ्यर्थी के अपेक्षित न्यूनतम ज्ञान का मूल्यांकन करता है।

सर्वाधिक वंचित सहित विद्यार्थियों के हित में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयम) की शुरूआत की है जो कक्षा 9 से स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के शंका समाधान के लिए परीक्षा, क्विज और ऑनलाइन वार्तालाप फोरम के माध्यम से संवादात्मक पाठ्यक्रम सामग्री जैसे वीडियो लेक्चर, पठन सामग्री, स्व मूल्यांकन प्रदान करता है। यह सामग्री किसी के द्वारा, कहीं भी और कभी भी नि:शुल्क उपलब्ध है। सरकार की एक अन्य पहल जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-प्रोफेसर असिस्टेड लर्निंग (आईआईटी-पीएएल) कहा जाता है जो आईआईटी और अन्य संस्थाओं में पढ़ने के इच्छुक कक्षा 11 और कक्षा 12 के विद्यार्थियों हेतु आईआईटी के प्रोफेसर और केंद्रीय विद्यालय (केवी) के शिक्षकों द्वारा तैयार जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भौतिकी पर वीडियो सामग्री प्रदान करता है। यह सामग्री स्वयंप्रभा के समर्पित डीटीएच चैनलों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

*****